हस्तशिल्पियों की दयनीय स्थिति

2464. **श्री ईश दत्त यादव:**
चौधरी हरमोहन सिंह यादव:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को देश में हस्तशिल्पियों की दयनीय स्थिति की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो क्या उनकी दशा-सुधारने हेतु सरकार द्वारा कोई कार्य योजना बनाई गई है या बनाए जाने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार देश में भारतीय संस्कृति से संबंधित हस्तशिल्प कला को बढ़ावा देने हेतु हस्तशिल्पियों को कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध करवाती है; और

(ङ) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान इस योजना से लाभान्वित हुए व्यक्तियों की संख्या कितनी है?

वस्त्र मंत्री (श्री काशीराम राणा): (क) से (ग) इस समय अन्य बातों के साथ-साथ कारीगरों की आर्थिक दशा का पता लगाने के उद्देश्य से उनकी जनगणना का कार्य चल रहा है। सरकार, कारीगरों की आर्थिक दशा में सुधार लाने और उनके कल्याण के लिए अनेक स्कीमें कार्यान्वित कर रही है। इन स्कीमों में-प्रशिक्षण डिजाइन एवं तकनीकी विकास, विपणन एवं विपणन विकास सहायता, प्रदर्शनी एवं प्रचार, शिल्प विकास केन्द्र/सामान्य सुविधा केन्द्र स्थापित करना, एम्पोरियम, पेंशन, वर्कशेड-सह-हाउसिंग, समूह बीमा और अस्पताल में भर्ती सुविधा शामिल है।

(घ) और (ङ) जी नहीं, तथापि भारतीय लघु औद्योगिक विकास बैंक (सिडबी) और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) शिल्पकारों को रियायती ऋण सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं।

हथकरघा निर्मित वस्त्रों का उत्पादन

2465. **चौधरी हरमोहन सिंह यादव:**
श्री ईश दत्त यादव:

क्या वस्त्र मंत्री यह बाताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान देश में राज्य-वार कितने हथकरघा वस्त्रों का उत्पादन किया गया;

(ख) उक्त अवधि के दौरान सरकार द्वारा हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देने हेतु राज्य-वार कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई; और

(ग) देश के जनजातीय क्षेत्रों में हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

वस्त्र मंत्री (श्री काशीराम राणा): (क) हथकरघा विकेन्द्रीकृत प्रकार का उद्योग है तथा इस क्षेत्र में वस्त्रों के उत्पादन (राज्यवार) के आंकड़े नहीं रखे जाते हैं। गत तीन वर्षों के दौरान हथकरघा वस्त्रों के उत्पादन की मात्रा नीचे दर्शायी गई है:-

वर्ष	कुल उत्पादन (मिलियन वर्ग मीटर में)
1995-96	7202
1996-97	7456
1997-98	7604

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान (राज्यवार) सरकार द्वारा हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देने हेतु प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा विवरण में संलग्न है। (नीचे देखिए)

(ग) जनजातीय क्षेत्रों सहित समग्र देश में हथकरघा उद्योग के लाभ के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित स्कीमें कार्यान्वित की जा रही हैं:

1. बाजार विकास सहायता स्कीम
2. निर्यात योग्य उत्पादों का विकास और उनके विपणन की स्कीम
3. राष्ट्रीय/मिनी हथकरघा एक्सपो
4. शिल्प मेले, जिला स्तर के मेले तथा त्यौहार
5. कार्यशाला-सह-आवास स्कीम
6. थ्रिफ्ट फंड स्कीम
7. समूह बीमा स्कीम
8. स्वास्थ्य पैकेज स्कीम
9. प्रोजेक्ट पैकेज स्कीम
10. अनुसंधान एवं विकास स्कीम
11. स्वतंत्र डिजाइनर स्कीम
12. विकेन्द्रीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रम
13. मिल गेट कीमत पर यार्न की आपूर्ति